# चेन स्नेचर्स को पुलिस ने दौड़ाया तो निगल ली सोने की चेन, रिम्स में भर्ती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी में सुनसान रास्तों से गुजरने वाली महिलाओं के गले से सोने की चेन उड़ाने वाले दो स्नैचर्स को पुलिस की टीम ने 1 किलोमीटर तक खदेड़कर दबोच लिया। दबोचे गए दो में से एक स्नैचर ने पुलिस से बचने के लिए सोने की चेन ही निगल ली। जिसके बाद उसकी जान पर ही आफत बन आई। अब पुलिस वालों ने ही स्नैचर को अस्पताल में भर्ती करवाया है।

रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह पुल के पास शनिवार को शातिर स्नैचर सलमान और जफर ने महिला के गले से सोने की चेन झपट ली, चेन झपटने के बाद दोनों बाइक से फरार होने लगे लेकिन शनिवार को दोनों की किस्मत बेहद खराब थी। वारदात वाले स्थान से कुछ ही दूर मौजूद पीसीआर के जवानों ने जैसे ही महिला का शोर सुना उन्होंने सलमान का पीछा करना शुरू कर दिया। जवानों ने एक किलोमीटर खदेड़ कर सलमान और जफर दोनों को दबोच



लिया। जैसे ही सलमान और जफर को पुलिस के जवानों ने दबोचा, पुलिस से बचने के लिए सलमान ने छीनी हुई सोने की चेन को निगल ली। हालांकि सलमान को सोने की चेन निगलते पुलिसकर्मियों ने देख लिया था, ऐसे में सलमान और जफर तक कोई भी बहाना पुलिस वालों के सामने नहीं चला।

**एक्स-रे में सोने की चेन :** मामले की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा ने सलमान के पेट और छाती का एक्स-रे करवाया। एक्स रे में साफ-साफ दिखा कि सोने की चेन सलमान की छाती में अटका हुआ है। एक्स रे रिपोर्ट को देखकर सलमान की हालत खराब हो गई। वह पुलिस वालों के सामने हाथ जोड़ने लगा कि उसे बचा लिया जाए नहीं तो वह मर जाएगा क्योंकि सोने की चेन निकलने की वजह से उसके सीने में दर्द होने लगा था। फिलहाल सलमान को रांची के रिम्स अस्पताल में पुलिस की निगरानी में भर्ती करवाया गया है। रिम्स के डॉक्टर से सलाह मशवरा कर रहे हैं कि उसके छाती से सोने की चेन को कैसे निकाली जाए। अगर ज्यादा देर सोने की चेन छाती में फंसी रही तो इन्फेक्शन का खतरा हो जाएगा।

### सलमान और जफर का आतंक

हाल के दिनों में सलमान और जफर ने राजधानी में महिलाओं का सोने की चेन पहनकर घर से निकलना मुश्किल कर दिया था। महिलाएं आये छिनतई की शिकार होती थीं। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने खुलासा किया है कि उन्होंने पिछले दो महीने में कई स्थानों से छिनतई की वारदातों को अंजाम दिया है। लेकिन अब दोनों पुलिस की गिरफ्त में हैं और सलमान भारी मुसीबत में है .चोरी की बाइक से करते थे छिनतई: सलमान और जफर जिस बाइक से छिनतई की वारदात को अंजाम दे रहे थे, जांच के क्रम में वह चोरी की निकली है . सलमान को तो पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करवाया है लेकिन जफर फिलहाल पुलिस के गिरफ्त में है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि हाल के दिनों में एक दर्जन से ज्यादा स्नैचिंग की वारदात हुई थी उनमें से दोनों ने किन-किन घटना को अंजाम दिया था।

## जमीन घोटाले में कोलकाता में अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची में हुए जमीन घोटाले में पश्चिम बंगाल के रजिस्ट्री कार्यालय और अधिकारियों का नाम इडी की जांच में सामने आया है। इसके बाद जांच में कोलकाता भूमि निबंधन कार्यालय में भूमि के दस्तावेजों में गड़बड़ी किए जाने के कई मामले सामने आए हैं। जिसमें रांची से जुड़ी जमीन का भी मामला शामिल है। सूत्रों के अनुसार बंगाल सरकार ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

**दस्तावेज की फॉरेंसिक जांच :** इडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद बिक्री के मामले में बड़गाई अंचल वह कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वे किया था। पीएमएलए की धारा-17 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इडी ने दोनों कार्यालय से सेना के कब्जेवाली जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन के मूल दस्तावेज कोलकाता कार्यालय से जब्त किए थे। न्यायालय के आदेश के आलोक में दस्तावेज की फॉरेंसिक जांच कराई गई थी। इसमें दस्तावेज में छेड़छाड़ करने की पुष्टि हो चुकी है। जालसाजों ने वर्ष 1932 के मूल दस्तावेज में जालसाजी कर इससे भूखंड की बंदरबांट की है। इसमें जमीन के मालिक के पते में पश्चिम बंगाल के साथ ही पिनकोड का उल्लेख किया गया था लेकिन वर्ष 1932 में पश्चिम बंगाल राज्य था ही नहीं।

**आईजी रजिस्ट्रेशन को दी गई जानकारी :** इडी ने कोलकाता के सब रजिस्टार प्रदीप मिश्रा को समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया था। पूछताछ में स्वीकार किया कि जालसाजी की जानकारी आईजी रजिस्ट्रेशन को दे दी गई थी। लेकिन उन्होंने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई।

### वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

# चोरों ने तमाड़ को बनाया था डंप यार्ड, चोरी की 20 बाइक बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के ग्रामीण इलाकों से बाइक चुराने वाले बड़े गिरोह का खुलासा पुलिस ने किया गया है। बाइक चोर गिरोह के तीन सदस्यों को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उनकी निशानदेही पर अब तक चोरी किए गए 20 बाइक को बरामद किया है।

रांची के तमाड़ इलाके को बाइक चोर गिरोह ने अपना डंपिंग यार्ड बना रखा था। हाट बाजारों से बाइक चोरी कर तमाड़ में ही इसे छिपा कर रखा जाता था और फिर नंबर प्लेट बदलकर से अलग-



अलग जगहों पर बेच दिया जाता था। रांची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाएं सामने आ रही थी, जिसके बाद रांची के सीनियर एसपी के द्वारा एक टीम का गठन कर गिरोह के खिलाफ कार्रवाई शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तमाड़ पुलिस ने एक चोर की पहचान की और कड़ी मशक्कत के बाद उसे धर दबोचा।

**छिपा कर रखे गए 20 बाइक जब्त :** गिरफ्तार अपराधी ने अपने साथियों के बारे में कई जानकारियां पुलिस को दी साथ में यह भी बताया कि बाइक तमाड़ में ही छिपा कर रखे गए हैं। जिसके बाद ग्रामीण एसपी नौशाद आलम की अगुवाई में बुंडू डीएसपी अजय कुमार और तमाड़ थाने की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी शुरू की। छापेमारी में एक तरफ जहां दो और बाइक चोर धर दबोचे गए, गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने तमाड़ में छिपा कर रखे गए 20 बाइक बरामद कर लिए। बरामद बाइक रांची के ग्रामीण इलाकों से चुराई गई थी।

### खबर एक नजर में

## लोक अदालत में 57 मामलों का निष्पादन

**रांची।** रांची की सिविल कोर्ट में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 57 मामलों का निष्पादन किया गया। इन मामलों में नौ लाख 23 हजार 85 रुपए का निष्पादन हुआ। सुबह करीब साढ़े सात बजे से शुरू की गई लोक अदालत के लिए सात बेंचों का गठन किया गया था। मामले निपटाने के लिए लोग भी जागरूक दिखे।

## 2-3 दिनों की बारिश के बाद बढ़ा तापमान

**रांची।** दो तीन दिनों की बारिश के बाद आज झारखंड के तापमान में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग की मानें तो अगले दो दिनों में राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान बढ़ेगा और लोगों को गर्मी का एहसास होगा। हालांकि, शनिवार को राज्य के लगभग सभी जिलों का तापमान 35 डिग्री के आसपास है। कुछ जिलों में 35 डिग्री से अधिक तापमान दर्ज है, लेकिन हर जगह का तापमान 40 के अंदर है।

## एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स 30 मई से

**रांची।** सब इंस्पेक्टर रैंक के पुलिसकर्मियों का पांच दिवसीय एडवांस इन्वेस्टिगेशन ट्रेनिंग कोर्स होगा। प्रशिक्षण विद्यालय होटवार में यह कोर्स 30 मई से शुरू होगी, जो 3 जून तक चलेगी। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों को इन्वेस्टिगेशन प्रोसीजर्स एंड एन ओवरव्यू ऑन ऑफेंस विषय से संबंधित प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## लालू यादव से मिले इरफान अहमद अंसारी



**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड के नेता और संगठन के प्रदेश महासचिव इरफान अहमद अंसारी ने पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की। पटना में हुई इस मुलाकात के दौरान लालू ने इरफान को झारखंड में संगठन को मजबूत करने की जिम्मेवारी दी है। वहीं इरफान ने लालू प्रसाद की सेहत का हाल-चाल भी जाना। बता दें कि लालू प्रसाद यादव जब रिम्स में एडमिट थे, इस दौरान इरफान अंसारी उनके सेवादार के रूप में लंबे समय तक सेवा कर चुके हैं। वहीं राष्ट्रीय जनता दल युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव अरशद अंसारी ने भी लालू से मिलकर उनका कुशलक्षेम जाना। अरशद ने कहा पार्टी के सर्वमान्य नेता से मिलकर ऊर्जा का संचार हुआ है। आने वाले समय में संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में राजद झारखंड में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

# बिजली और पानी संकट के खिलाफ भाजपा ने कैंडल और घड़े के साथ किया प्रदर्शन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा रांची महानगर ने राजधानी रांची में बिजली और पानी की समस्या को लेकर शनिवार को प्रदर्शन किया। नेताओं ने राजधानी रांची में कैंडल और घड़ा के साथ प्रदर्शन किया। इस दौरान सरकार से इस्तीफे की मांग की गई। भाजपा की ओर से जारी इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी शामिल हुईं। प्रदर्शन में शामिल लोग अपने हाथों में कैंडल, घड़ा और ढिबरी थामे हुए थे। इस दौरान



आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब राजधानी का यह हाल है तो सुदूर गांव देहातों की कल्पना ही की जा सकती है।

इस प्रदर्शन का नेतृत्व विधायक सीपी सिंह और महामंत्री सुबोध सिंह गुड्डु समेत महानगर के अन्य नेता कर रहे थे। इस दौरान कैंडल और ढिबरी जलाकर बिजली समस्या की ओर तथा घड़ा फोड़कर पेयजल संकट की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया।

मौके पर भाजपा नेताओं ने कहा कि बिजली की संकट सिर्फ राजधानी रांची में ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में है। हेमंत सोरेन की सरकार बिजली पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी मुहैया नहीं करा पा रही है। अब हालत यह है कि पूरे राज्य में उद्योग धंधों पर संकट आ गया है। उद्योग धंधों के बंद होने से लोगों के रोजगार पर भी असर पड़ेगा। नेताओं ने कहा कि इतनी बुरी स्थिति होने के बाद भी सरकार की ओर से इस पर ध्यान नहीं दिया जाना शर्मनाक है।

## रुक्का डैम और बूटी जलागार की जल गुणवत्ता को पेयजल विभाग और यूनिसेफ ने माना शुद्ध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी के बड़े हिस्से को जलापूर्ति देने वाले रुक्का डैम का पानी पेयजल के लिहाज से शुद्ध है। इसके अलावा गोन्दा जलशोध संस्थान का भी पानी उपभोक्ताओं के लिहाज से ठीक है। असल में इस संबंध में पिछले कुछ दिनों से अलग अलग प्लेटफार्म पर यह चिंता जताई जा रही थी कि इन दोनों डैम के पानी की क्वालिटी खराब होने लगी है। इसके बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड तथा यूनिसेफ, झारखंड की टीम ने इन दोनों डैम के जलशोध संस्थान का शनिवार को निरीक्षण किया। विभाग की ओर से तकनीकी सलाहकार सुधाकांत झा और संयुक्त सचिव अनिल प्रसाद तथा यूनिसेफ के प्रतिनिधिमण्डल की टीम ने इस मामले की वास्तविकताओं को समझा।

इस क्रम में टीम ने रुक्का जलापूर्ति केंद्र के पुराने एवं नये सम्प, गोन्दा सम्प, बूटी जलागार सम्प, रातू रोड सम्प, जिला स्कूल सम्प, सिरमटोली सम्प से किए जा रहे वाटर सप्लाई व्यवस्था को देखा। पेयजल सैंपल लेकर एन ए बी एल लैब से भी जांच करायी। जांच के आधार पर पेयजल को पूरी तरह से शुद्ध पाया गया।

## जगन्नाथपुर मेला 20 जून से, तैयारी शुरू

**रांची।** ऐतिहासिक जगन्नाथपुर रथ मेला 20 जून से शुरू होगा। 10 दिनों तक चलने वाले मेले का समापन 29 जून को घूरती रथ यात्रा के साथ होगा। रथ यात्रा को लेकर पुलिस तथा प्रशासन भी इसकी तैयारियों में जुट गई है। 19 जून को नेत्रदान के साथ रथ मेला शुरू हो जाएगा। 20 जून को सामूहिक पूजा के साथ शाम 4 :30 बजे भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा, भाई बलराम रथ पर सवार होकर मौसी बाड़ी जायेंगे।


- 4-जून संध्या 1:00 बजे से स्नान यात्रा
- 19-जून को शाम 4 बजे से नेत्रदान के साथ रथ यात्रा शुरू
- 20-जून, सुबह 5 बजे से सुलभ दर्शन
- 20-जून, दोपहर 2 बजे से रथयात्रा के लिए सामूहिक पूजन
- शाम 4:30 बजे रथ यात्रा की शुरूआत
- शाम 6:30 बजे मौसी बाड़ी आगमन
- 29-जून को घूरती रथ यात्रा के साथ कार्यक्रम का समापन

# एमएसएमई के जरिए झारखंड में रोजगार की संभावना पर परिचर्चा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ झारखंड प्रदेश की ओर से आर्थिक प्रकोष्ठ कार्यालय में एमएसएमई के जरिए झारखंड में रोजगार की संभावना, विषय पर शनिवार को परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस परिचर्चा का मूल उद्देश झारखंड को आर्थिक सम्पन्न प्रदेश बनाने के लिए एमएसएमई और उनके अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करना था।

परिचर्चा में एमएसएमई के बारे में सीएस प्रदीप कुमार जालूका ने बताया कि एमएसएमई के अंतर्गत व्यावसायिक इकाइयों को तीन वर्गों में बांटा गया है। जिसका आधार प्लांट एवं मशीनरी में निवेश एवं इकाइयों का सालाना टर्नओवर है। ऐसी इकाइयां जिनका निवेश प्लांट एवं मशीनरी में 1 करोड़ तक हो एवं टर्नओवर 5 करोड़ तक हो उसे माइक्रो इकाई की श्रेणी में रखा गया है, वहीं इकाइयां जिनका निवेश प्लांट एवं मशीनरी में 10 करोड़ तक हो एवं टर्नओवर 50 करोड़



तक हो उन्हें स्मॉल इकाई की श्रेणी में रखा गया है। इकाइयां जिनका निवेश प्लांट एवं मशीनरी में 50 करोड़ तक हो एवं टर्नओवर 250 करोड़ तक हो, उसे मीडियम इकाई की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कुछ आंकड़े बताए जैसे देश के 40% जीडीपी 45% मैन्यफैक्चरिंग सेक्टर एवं 48% निर्यात में इन्ही एमएसएमई का योगदान है। दिसम्बर 2022 तक देश में 1.24 करोड़ एमएसएमई पंजीकृत हो चुके हैं। इन इकाईयों को एमएसएमई अधिनियम 2006 के अंतर्गत अनेक सुविधाएं दी गई हैं।

परिचर्चा में सीए राजकुमार ने बताया कि इस तरह की इकाइयों को 50 लाख तक के कर्ज की सुविधा बिना किसी सिक्युरिटी के प्रदान की जाएगी साथ ही 45 दिनों से अधिक समय तक खरीदार द्वारा भुगतान नहीं किए जाने पर तीन गुना ब्याज के साथ भुगतान करने का प्रावधान बताया, इससे विलंब से किए गए भुगतानों में कमी आएगी। एमएसएमई के लिए 358 ऐसे वस्तुओं की जानकारी दी गई, जिसे केवल इन्हीं इकाइयों से खरीदा जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस योजना में महिलाओं एवं एससी/ एसटी वर्ग के भी विशेष प्रावधान हैं। इस परिचर्चा में सीए नवीन डोकानीआ, सीएस अरुण कुमार सिन्हा, अभिनय,धर्मेन्द्र कुमार सिन्हा, उदय जायसवाल, सीए सुरेन्द्र विश्वकर्मा, जेपी शर्मा, आनंद प्रसाद, संदीप सिंह मल्होत्रा एवं अन्य मौजूद थे।

## ट्रेंड किये जा रहे नवनियुक्त हाई स्कूल शिक्षक



**रांची।** नवनियुक्त 279 हाई स्कूल शिक्षकों को जिला प्लस-2 और बालकृष्ण प्लस-2 हाई स्कूल में ट्रेनिंग दिया जा रहा है। नवनियुक्त शिक्षकों को प्रशिक्षण स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निर्देश पर दी जा रही है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 मई से दिये जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को प्रशिक्षण सत्र में उत्कृष्ट विद्यालय, आदर्श विद्यालय, स्कूल लीडरशिप, इंस्पायर अवॉर्ड्स मानक स्कीम और विभिन्न स्तरीय प्रतियोगिता व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गयी। जीएमएस पंडरा के हेडमास्टर अशोक प्रसाद सिंह ने सभी नवनियुक्त शिक्षकों को नयी शिक्षा नीति के तहत शिक्षण पद्धति से अवगत कराया।

### गुमला-पलमा सड़क परियोजना के लिए मुआवजे की शेष राशि कोर्ट में जमा करें

# मुआवजा विवाद पर राशि कोर्ट में जमा कर जमीन अधिग्रहण होगा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरकारी परियोजनाओं में जमीन अधिग्रहण के लिए अब मुआवजा विवाद की राशि कोर्ट में जमाकर अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होगी। गुमला-पलमा सड़क परियोजना के लिए मुआवजे की शेष राशि कोर्ट में जमा करने का निर्देश रांची के उपायुक्त ने दिया है। इसी परियोजना के मौजा बारीडीह स्थित कल्याण विभाग के बालिका विद्यालय को मौजा जरिया में स्थानांतरित कर जमीन हस्तांतरण के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिया है। इस परियोजना के तहत बची हुई राशि विवाद की स्थिति में कोर्ट भेजने को भी कहा गया है। रांची जिला



प्रशासन जमीन अधिग्रहण के मुआवजे का भुगतान कैंप लगाकर भी कर रहा है।

गुमला-पलमा परियोजना के साथ ही भारतमाला प्रोजेक्ट, बीजूपाड़ा कचहरी सेक्शन में भी मुआवजा भुगतान की कार्यवाही चल रही है। आने वाले दिनों में कैंप मोड में लाभुकों को भुगतान कर एनएचएआई को सुपुर्द किया जाएगा, जिससे एनएचएआई निर्माण पूरा करा सके।

### 55 योजनाओं के लिए उपलब्ध करानी है जमीन

केंद्र व राज्य सरकार ने रांची जिला प्रशासन से 55 योजनाओं के लिए जमीन मांगी है। विभिन्न विभागों से इसकी अधियाचना भी जिला प्रशासन को भेज दी गई है। इससे कहीं थाना, कहीं इग्नू का हॉस्टल बनाने, कहीं स्वास्थ्य विभाग ने जमीन की जरूरत बताई है। उपायुक्त के अनुसार हर अंचल में जमीन चिह्नित कर हस्तांतरित करवाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उपायुक्त ने सभी एजेंसियों से कहा है कि जिन्हें भी जमीन ट्रांसफर हो गई या अधिग्रहण कर उपलब्ध करा दी गई है तो उसका अनिवार्य रूप से म्यूटेशन करा लें। उन्होंने बताया कि कई बार देखा गया है कि आम जनता ने किसी रैयत से जमीन खरीद ली और वह जमीन पहले ही किसी प्रोजेक्ट के लिए अधिग्रहित कर ली गई थी। संबंधित एजेंसी ने उस पर काम शुरू नहीं किया था और म्यूटेशन भी नहीं कराया था तो रिकॉर्ड ऑफ राइट्स में नई एजेंसी का नाम नहीं आया और इसी गलतफहमी का नाजायज फायदा उठा कर कुछ लोग गलत काम करते हैं।

## कांग्रेस गांव, प्रखंड और जिलों में लगायेगी समाधान शिविर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष डॉ. राकेश किरण महतो की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में सर्वप्रथम भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि गाँव-पंचायत से लेकर प्रखण्ड एवं जिला स्तर तक आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए 1 जून से कांग्रेस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन समस्या समाधान शिविर लगाया जाएगा। बैठक में डिजिटल सदस्यता अभियान को तेज करने एवं अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाकर कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि पुराने वरिष्ठ और समर्पित कांग्रेसजनों को सम्मानित किया जाएगा, इसके लिए प्रखण्ड, मंडल, जिला प्रभारी और स्वयं जिला अध्यक्ष प्रखण्डों का दौरा करेंगे। बैठक में सभी प्रखण्ड एवं मंडल क्षेत्र के लिए प्रभारियों की भी घोषणा की गई। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिव कुमार भगत मौजूद थे। बैठक में नागेंद्र गोस्वामी, विनोद सिंह, शाहिद अहमद, मेरी तिर्की, महताब आलम, डॉ. इलयास मजीद, संजय सरैया, अशोक गुप्ता, प्रेमनाथ मुण्डा, शिवटहल नायक, संजय कुमार, अनिता देवी, मजकुर आलम शिद्दकी, नागेश्वर महतो, चंदन बैठा, अश्फाक आलम, जाकिर अंसारी, अजगुत महतो, शहाबीर लोहरा, विक्टोरिया, साबिर अंसारी, विश्राम महतो, गुलजार अहमद, अमाल खान, कुशल उरांव, सुषमा हेम्ब्रम, बालेश्वर यादव, तुलसी खरवार, संजर खान, अर्चना मिश्रा, मनीष, निशिकांत गोंझु, रहमतुल्ला, कार्तिक चंद्र महतो, राजकुमार महतो, राजकिशोर मुंडा, इश्तियाक अंसारी, मंगा उरांव, कृष्ण चटर्जी, करमा उरांव, रमेश महली, जयंत बारला, नसीम अंसारी, प्रभाकर मिश्रा थे।

## लोक चित्रकला सोहराई का प्रशिक्षण शिविर संपन्न



**रांची।** पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद युवा कार्य विभाग झारखंड सरकार एवं कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के द्वारा झारखंड कला जतरा फेस्टिवल ऑफ क्रिएटिविटी के अंतर्गत झारखंड की लोक कला सोहराई पेंटिंग का राज्यस्तरीय प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को हो गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध चित्रकार धनंजय कुमार ने बच्चों को सोहराई कला की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखण्ड कला जतरा पहली बार आयोजन किया गया। जिसमें डोकरा आर्ट, क्ले मॉडलिंग एंड कास्टिंग, मूर्तिकला, झारखंड की लोक चित्रकला सोहराय, राज्य स्तरीय चित्रकला शिविर चित्रकला का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही जतरा मेला का भी आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे अजय कुमार, रजनी कुमारी, हर्ष, आरती, रिचा, मनस्वी, शिखा ने सहयोग किया ।

## ट्रैफिक पुलिस ने सड़क पर गिरे 2000 के 10 नोट कंट्रोल रूम में जमा किया

**ट्रैफिक हवलदार ने पेश किया ईमानदारी का बेमिसाल सबूत**

**रांची।** ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस के जवान ने शनिवार को ईमानदारी की मिसाल पेश की। हरमू रोड स्थित शनि मंदिर के पास ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात मकबूल अली को सड़क पर 20 हजार रुपए मिले। सभी नोट दो हजार रूपए के थे। मकबूल अली ने ईमानदारी की मिसाल पेश करते हुए उस पैसे को उठाया, उसे कुछ देर अपने पास रखा। जब उसका कोई दावेदार नहीं आया तो उसने सीसीआर (क्राइम कंट्रोल रूम) में 20 हजार रुपए जमा कर दिया। सीसीआर ने कहा कि जिसके भी पैसे गिरे हैं, वह कंट्रोल रूम में आकर इससे संबंधित सही जानकारी देकर इसे प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब हो कि दो हजार रूपए के नोट पर केंद्र सरकार का बड़ा निर्णय आया है। अब ये नोट बाजार से वापस लिए जा रहे हैं। दो हजार के नोट जो बाजार और बैंक तक में नदारद थे, वो नोट अब सड़कों पर गिरे मिल रहे हैं।

सिटी की अन्य खबरें पेज 8 पर भी देखें

# कचरा से बायो गैस उत्पादन को लेकर गेल इंडिया लि. और रांची नगर निगम के बीच हुआ एमओयू

## प्रथम चरण में एक प्लांट लगाने को लेकर गेल इंडिया लि. को झिर्री में 08 एकड़ जमीन उपलब्ध



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देय से गेल इंडिया लि और रांची नगर निगम के बीच कचड़ा से बायो गैस उत्पादन के लिए कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट के निर्माणार्थ एमओयू साइन किया गया है। जिसके प्रथम चरण का कार्य प्रगति पर है। इस क्रम में शनिवार को प्रशासक रांची नगर निगम शशि रंजन के द्वारा झिर्री स्थित कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। प्रशासक रांची नगर निगम के द्वारा सि परियोजने के प्रथम चरण के कार्य प्रगति को देखते हुए परियोजना से संबंधित अधिकारियो को कार्य में गुणवत्ता के साथ-साथ जल्द से जल्द पूर्ण करने के सख्त निदेश दिया गया। बताते चलें कि रांची में प्रतिदिन 300 टन ऑरगेनिक कचरे की प्रोसेसिंग कर करीब दस टन प्रतिदिन कंप्रेस्ड बायोगैस के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। गेल इंडिया लि. इसके लिए 150-150 टन का दो प्लांट लगाएगा। प्रथम चरण में एक प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए रांची नगर निगम द्वारा झिर्री में 08 एकड़ जमीन गेड इंडिया लि. को उपलब्ध कराया गया है। वहीं दूसरे फेज में अगर जरुरत पड़ी तो नगर निगम अतिरिक्त जमीन की भी व्यवस्था करेगा। मौके पर उपस्थित लोगो में निगम के उप प्रशासक रजनीश कुमार, सहायक प्रशासक शीतल कुमारी, गेल इंडिया लि के प्रतिनिधि, नगर प्रबंधक एवं अन्य कर्मी शामिल थे।

- **एमओयू के अनुसार कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का होगा निर्माण**
- **गेल इंडिया लि. 150-150 टन के दो प्लांट लगाएगा**
- **एक प्लांट एक दिन में 05 टन कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन करेगा**

जानकारी के अनुसार इस प्लांट में जो खास होंगे वे इस प्रकार है। गेल इंडिया लि. रांची में दो चरणों में 300 मिट्रिक टन प्रतिदिन का ऑर्गेनिक अपशिष्ट प्रसंस्करण प्लांट लगाएगा। पहले चरण में 150 टन क्षमता वाला ऑरगेनिक अपशिष्ट प्रसंस्करण प्लांट का निर्माण किया जा रहा है। एक प्लांट एक दिन में 05 टन कंप्रेस्ड बायोगैस का उत्पादन करेगा। प्लांट की उम्र सीमा 20 साल से अधिक की होगी। प्लांट के लिए जरुरी 08 एकड़ जमीन रांची नगर निगम लीज रेंट पर गेल इंडिया लि को उपलब्ध कराया गया है। रांची नगरनिगम अपशिष्ट प्रसंस्करण के मामले में कार्बन क्रेडिट्स का एक सौ प्रतिशत दावा कर सकेगा। वैज्ञानिक तरीके से होने वाले प्रसंस्करण के कारण कचड़ा से उत्पन्न होने वाले प्रदूषण स्तर में कमी आएगी।

## खबर की विश्वसनीयता के लिए फैक्ट्स और डेटा कलेक्शन महत्वपूर्ण : कौशल



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गोस्सनर कॉलेज के मास कम्युनिकेशन विभाग में प्रिंट एंड वेब जर्नालिज्म पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। कार्यशाला के तीसरे व अंतिम दिन पत्रकारों ने बतौर रिसोर्स पर्सन प्रिंट एंड वेब जर्नलिज्म पर अपने विचार रखे। मीडिया से जुड़े कई पहलुओं पर चर्चा की। इसमें कौशल आनंद ने बताया कि किसी भी खबर की विश्वसनीयता के लिए डेटा और तथ्य का संग्रह करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में बताया गया कैसे एक पत्रकार समाज में नेतृत्त्व कर्ता की भूमिका अदा करता है। साथ ही एक अच्छा पत्रकार बनने के लिए किसी व्यक्ति में कौन-कौन से गुण होने चाहिए, इस पर चर्चा की गयी। इस क्रम में पत्रकारों ने बताया कि एक अच्छा पत्रकार बनने के लिए अहंकार के परित्याग को जरुरी बताया। कार्यशाला में स्टूडेंट्स ने हेडलाइन लिखने व समाचार के महत्व से भी रु बरू हुए।

प्रो अनुज कुमार व प्रो संतोष कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ। मौके पर प्रो महिमा गोल्डन बिलुंग, प्रो संतोष कुमार, प्रो अनुज कुमार, रिया,दिव्या, प्रकाश, रूपाली, सुभाशीष सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद थे।

## सभी को शिक्षकों के हित में आगे आने की जरूरत : उर्दू शिक्षक संघ

**रांची।** झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव अमीन अहमद शनिवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि प्रारंभिक शिक्षकों के औपबंधिक वरीयता सूची में उर्दू शिक्षकों को स्थान दिये जाने का विरोध करने वाले अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ को जानकारी का अभाव है। उनकी मंशा है कि वे उर्दू शिक्षकों के विरोधी हैं। श्री अहमद ने बताया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अवर सचिव प्राथमिक शिक्षा अरविंद कुमार सिंह द्वारा 23 दिसंबर 2020 को पत्रांक 1530 जारी कर स्पष्ट कर दिया है, कि बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा वर्ष 1994 में दो अलग-अलग सूची में शिक्षक बहाल किये गये थे। सामान्य शिक्षक एवं ऊर्दू शिक्षक की बहाली अलग-अलग सूची बना कर की गई थी, दोनों सूची का क्रमांक 1 से ही शुरू हुआ था, इसलिए वरीयता क्रम में दोनों संवर्ग के शिक्षकों के साथ-साथ वरीयता प्रदान करने का स्पष्ट निर्देश दिया गया है। राज्य के सभी जिलों में दोनों संवर्ग के शिक्षकों के लिए इसी तरह की सूची तैयार की गई थी। सामान्य रिक्ति के दस प्रतिशत उर्दू शिक्षकों को बहाल किया गया था।

## धुर्वा के मौसीबाड़ी जगन्नाथपुर में डालसा का विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के तत्वावधान में 29 मई से 14 जून मध्यस्थता पर आधारित मन का मिलन पखवारा विशेष अभियान का आयोजन किया जाएगा। उस आयोजन को लेकर शनिवार को धुर्वा क्षेत्र के मौसीबाड़ी, जगन्नाथपुर में विधिक जागरूकता शिविर का अयोजन किया गया। लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के अधिवक्ता बीरेंद्र प्रताप ने मध्यस्थता के लाभ की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रख आप लोगों को भी मधयस्थता को अपना कर अपने वाद का निष्पादन करने की प्रक्रिया अपनानी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची में 29 मई से 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़ा कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा है आपलोग भी अपने मामले को उपरोक्त तिथि में आकर मध्यस्थता के माध्यम से अपने मामले का निष्पादन करा सकते है ।

**विशेष अभियान मन का मिलन पखवाड़े की दी गयी जानकारी, 29 मई से 14 जून तक होगा आयोजन**

लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता सौरभ पांडे ने बताया गया कि किसी भी प्रकार की कानूनी सलाह के लिए प्रखंड में विधिक सहायता केंद्र में पीएलवी से और जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के कार्यालय में जानकारी ली जा सकती है। पीएलबी ज्योत्सना गोराई, संगीता सिंह,पिंकू कुमारी, भुप्रताप महतो ने बताया कि मुकदमा से पूर्व भी मध्यस्थता के माध्यम को प्री लिटिगेशन स्तर पर भी वाद को सुलझाया जाता है। साथ ही संबंधित पंपलेट का वितरण उपस्थित जनमानस के बीच किया और समस्या का समाधान हेतु आवेदन लिखने में लोगो की सहयाता की।

## अपनी मध्यस्थता में ईश्वरीय योजनाओं को पूरा करें : रेव्ह आनंद डेविड

**रांची।** रोमन कैथोलिक बाईबल स्कूल-2023 के तत्वावधान में संत जॉन्स स्कूल के सभागार में 22 मई से 27 मई तक आयोजित छह दिवसीय अवकाश कालीन बाइबल पाठशाला (वीबीएस) का समापन शनिवार को हुआ। इस साल के वीबीएस का विषय पवित्र बाइबल का वचन था। जिसमें उल्लेख है यीशु ने कहा जो बातें मनुष्य के लिए असंभव है वे परमेश्वर के लिए संभव है।

वीबीएस में शामिल तमाम बच्चे बच्चियों को इसी विषय पर आधारित शिक्षाएं दी गयी तथा अन्य गतिविधियां वा कार्यक्रम भी उसी पर आधारित रहे। पाठशाला के अंतिम दिन संत मरिया महागिरजाघर के रांची पेरिश के पल्ली पुरोहित फादर आनंद डेविड खलखो ने बच्चों को प्रभु की ओर मन लगाने तथा जीवन के प्रत्येक कार्य को करने से पूर्व प्रभु को स्मरण करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस संसार में प्रत्येक मनुष्य का जीवन अपनी मध्यस्थता से ईश्वरीय योजनाओं को पूरा करने के लिए है।

## डीएसपीएमयू में विश्व पर्यावरण दिवस पर जून माह में होंगे कई कार्यक्रम : वीसी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** आगामी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में पर्यावरण एवं जलवायु को केंद्र बिंदु में रखते हुए 1 से 7 जून तक कई कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इन कार्यक्रमों का आयोजन पर्यवारण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, भारत सरकार के द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में सेमिनार, कार्यक्रम, कार्यशाला आहूत किए जाने को आवश्यक दिशा निर्देश के संदर्भ में किया जाना है। यहां उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत संचालित किया जाने वाले सभी शिक्षण संस्थानों में मास मोबलाईजेशन ऑन मिशान लाइफ के अंतर्गत सेमिनार, कार्यक्रम और कार्यशाला का आयोजन किया जाना है।

उपरोक्त दिशा निदेर्शों के तहत



डीएसपीएमयू के वीसी डॉ टीके शांडिल्य ने कहा कि विश्वविद्यालय में 1 से 7 जून 2023 तक पर्यावरण से संबंधित निम्न कार्यक्रम, शिक्षकों और विद्यार्थियों के द्वारा आयोजित किए जाने है।

इनमें शामिल है, पर्यावरण परिवर्तन पर जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, जिसका थीम है, धरती कहे पुकार के, यूथ कॉन्क्लेव, संस्थान में स्वच्छता अभियान और विश्वविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने से सबंधित अभियान। इसके अलावा एनएसएस और एनसीसी के कैडेट्स के द्वारा साइकिल चालन और विश्वविद्यालय के प्रांगण में पर्यावरण और जलवायु से संबंधित पौधारोपण अभियान।

कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने आगे कहा कि इसी के तहत पर्यावरण और जलवायु विषय पर लघु फिल्म, फोटो, श्लोगन , क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि यह तय है कि इन कार्यक्रमों से न सिर्फ विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता आयेगी, बल्कि स्वच्छता अभियान आदि अभियान से सामूहिकता की भावना का समावेश होगा।

उन्होंने कहा कि ऐसे प्रत्येक आयोजन में विश्वविद्यालय प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान करेगा जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और भविष्य में वह और मनोयोग से इनमें अपनी भागीदारी सुनिश्ति करेगा। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी

## बेरोजगारी के कारण पिछड़ता जा रहा है झारखंड : पंकज पांडेय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** युवा को पूछो अभियान के तहत शनिवार को युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हजारों युवाओं ने भाग लिया। मौके पर युवा नेता पंकज पांडेय ने कहा कि हमारा झारखंड कोरोना से नहीं बल्कि बेरोजगारी के कारण पिछड़ता जा रहा है। यदि हम युवा इसी तरह से गांधारी की तरह आंखों में पप्ती बांधे रहे तो झारखंड के हाल महाभारत की तरह हो जाएगा। उन्होंने बताया कि लगातार इस बात पर चर्चा होती रही है कि कोरोना की मार के कारण झारखंड में बेरोजगारी दर बढ़ी है। परंतु देश की औसत बेरोजगारी दर से दुगुनी से भी ज्यादा झारखंड की बेरोजगारी दर का होना इस बात को दिखाता है कि हम झारखंड की भौगोलिक स्थिति को समझने में बड़ी चूक कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि ₹युवा को पूछो₹ अभियान शुरू करने का मकसद ही यही है कि सरकार पिछली गलतियों से सीखते हुए युवाओं को उन योजनाओं में भागीदार बनाये जो



रोजगार पर केंद्रित हैं, मसलन झारखंड के अलग-अलग क्षेत्रों में पाई जानेवाली संपदा एवं संसाधन के आधार पर रोजगार के दृष्टिकोण से सरकारी योजनाओं का बनाया जाना एवं इसे बनाते समय युवाओं से सुझाव आमंत्रित किया जाना। उन्होंने कहा कि यह इसीलिए भी महत्वपूर्ण है क्यूंकि झारखंड की आर्थिक - भौगोलिक स्थिति बाकी राज्यों से थोड़ी अलग है और यदि इसे ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार आनेवाले दिनों में युवाओं से सुझाव लेकर उनके रोजगार के मुद्दे पर काम करे तो झारखंड देश के पिछड़े राज्यों की गिनती से बाहर निकलकर अव्वल राज्यों की गिनती में पहुंच सकता है।

## खबर एक नजर में

### अंतरराष्ट्रीय कवयित्री सम्मेलन में शिरकत करेंगी लोकृति गुप्ता



**रांची।** महिला काव्य मंच की ओर से अंतरराष्ट्रीय कवयित्री सम्मेलन में झारखण्ड को प्रस्तुत करने हेतु रांची की सुप्रसिद्ध लेखिका व कवयित्री लोकृती गुप्ता का चयन किया गया है। ये ऑनलाइन कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय कवयित्री सम्मेलन महिला काव्य मंच की प्रस्तुति है, जो कल दिनांक 28 मई 2023 शाम 6:30 बजे होगी। झारखंड में महिला काव्य मंच की नींव रखने वाली सारिका भूषण इस अंतरराष्ट्रीय मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं तथा झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और ओड़िशा समेत 6 राज्यों की प्रभारी हैं। यह संस्था मूलत: साहित्य में रुचि रखने वाली महिलाओं को एक सशक्त मंच प्रदान करता है जो अपनी पारिवारिक जिम्मेवारियों का वहन करते हुए साहित्य के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहती है। इस संस्था का मूल मंत्र है- मन से मंच तक। पिछले महीने 13 नवम्बर को कर्नाटक में इस मंच का पंचम वार्षिकोत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सारिका भूषण ने बताया कि 2023 में इस अंतरराष्ट्रीय मंच के वार्षिकोत्सव की ज़िम्मेदारी झारखंड इकाई को सौंपी गई है।

### रांची के जलाशयों को बचाने के लिए पदयात्रा की तैयारी

**रांची।** जलाशय बचाओ मंच चार जून को 'जलाशय बचाओ' पदयात्रा निकालेगा। कांके डैम से सुबह आठ बजे शुरू होकर बड़ा तालाब होकर हरमू नदी पर संपन्न होगी। शनिवार को लाइन टैंक रोड में प्रेसवार्ता में मंच के सदस्य अमृतेश पाठक ने कहा कि इसमें सभी सदस्य नीला झंडा लेकर शामिल होंगे। रांची में तीन तीन जलाशयों कांके डैम, बड़ा तालाब और हरमू की स्थिति दिनोंदिन खराब होती जा रही है। ऐसा लग रहा है कि जिस तरह शहर के सैकड़ों तालाब धीरे-धीरे विलुप्त हो गए, ये तीनों जलाशय भी खत्म न हो जाएं। कहा कि तीनों जलाशयों में रांची की गंदगी सीधे प्रवेश करती है। स्थिति यह है कि इनका पानी इस्तेमाल लायक नहीं बचा है। प्रेसवार्ता में आरपी शाही, शैलेश्वर दयाल सिंह, डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा, कोकिला दास, जया तिवारी, हरेंद्र आदि मौजूद थे। बताया गया कि इसमें नागरिक मंच, सार्वजनिक कल्याण समिति, सदान विकास परिषद् समेत अन्य समाजिक संस्थाओं के लोग भाग लेंगे।

### रांची शहर में 10 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रांची।** 10 किलो गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार हुआ है। उसकी गिरफ्तारी अरगोड़ा थाना क्षेत्र के सहजानंद चौक के पास से शनिवार की शाम हुई है। पुलिस ने उसके पास से दस किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना पर मिली थी कि सहजानंद चौक के पास गांजा तस्कर भारी मात्रा में गांजा लेकर सप्लाई करने आया है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### विद्यापति स्मारक समिति के पत्र पर डीसी ने की कार्रवाई, लोगों को मिली राहत

**रांची।** शहर में जल संकट को लेकर विद्यापति स्मारक समिति ने उपायुक्त रांची को एक आवेदन लिखा था, जिसमें समिति ने पूरे शहर में सुचारू ढंग से जलापूर्ति की मांग की थी। साथ ही आवेदन में उपायुक्त से बिजली विभाग, पेय जल विभाग और नगर निगम की जिम्मेवारी को एहसास दिलाने के लिए भी आग्रह किया गया था। रांची उपायुक्त ने समिति के इस आवेदन को तुरंत संज्ञान में लेकर पेयजल विभाग, बिजली विभाग और नगर निगम के अधिकारियों को एक आपातकालीन बैठक बुलाई और त्वरित करवाई कर सुचारू ढंग से पूरे शहर में जलापूर्ति के लिए निर्देशित किया। परिणामस्वरूप त्रस्त जनता को तकलीफ से राहत मिली। विद्यापति स्मारक समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि इस प्रचंड गर्मी के मौसम में जल संकट से त्रस्त आम जनता को सुचारू ढंग से जलापूर्ति कर राहत पहुंचाने के लिए विद्यापति स्मारक समिति उपायुक्त रांची का आभार व्यक्त करती है और यह आशा रखती है कि आने वाले समय में भी उपायुक्त द्वारा पेयजल विभाग, बिजली विभाग और नगर निगम को निगरानी कर निर्देशित करते रहें। पूरे शहर में आम जनता को सुलभ पेयजल सुविधा मुहैया हो। साथ ही साथ समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने पत्रकार बंधुओं को भी धन्यवाद दिया है कि उन्होंने जनहित के इस ज्वलंत मुद्दा को प्रकाश में लाकर पदाधिकारियों का ध्यानाकर्षण किया।

### व्यवहार न्यायालय में मासिक लोक अदालत का आयोजन

**रांची।** आज जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के द्वारा शनिवार को सुबह व्यवहार न्यायालय, रांची में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिए सात बैंच का गठन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार( डालसा) रांची के सचिव ने दी। उन्होंने बताया कि इस मासिक लोक अदालत में आज कुल 57 वादों का निष्पादन किया गया। इस निष्पादन में 923085/- (नौ लाख तेइस हजार पचासी) रूपए की समझौता राशि की प्राप्त हुई। उक्त जानकारी

### बहावलपुरी पंजाबी समाज ने उमंग तलवार और डॉ दिव्या चौधरी को किया सम्मानित

**रांची।** बहावलपुरी पंजाबी समाज द्वारा समाज के उमंग तलवार एवं डॉक्टर दिव्या चौधरी को उनकी उपलब्धि पर सम्मानित किया गया। पेशे से एलआईसी कॉरपोरेट क्लब सदस्य उमंग तलवार का इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, अहमदाबाद द्वारा बिजनेस इंटेलिजेंस ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए चयन होने पर तथा डॉक्टर दिव्या भारती को डीएम (डॉक्टरेट इन मेडिसिन) इन क्रिटिकल केयर मेडिसिन बनने पर संस्था ने सम्मानित किया है। संस्था के अध्यक्ष ललित किंगर एवं सचिव अश्विनी सुखीजा ने मोमेंटो प्रदान कर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उमंग तलवार के माता पिता मुकेश तलवार एवं पुष्पा तलवार तथा डॉ दिव्या चौधरी के माता पिता मनोज चौधरी एवं पुष्पा चौधरी ने उनके बच्चों को सम्मानित करने पर संस्था के प्रति आभार जताया एवं बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए इसे एक अच्छी पहल बताया।

### ज्योतिषीय दृष्टि से नया संसद भवन शुभ : स्वामी दिव्यानंद

**रांची।** रविवार को होनेवाले नये संसद भवन के उद्घाटन पर सबकी नजरें टिकी हुई हैं। राजनीतिक चर्चाओं के बीच इस नए संसद भवन को लेकर ज्योतिषियों ने भी अपनी-अपनी राय जाहिर की है। प्रख्यात ज्योतिष और धमार्चार्य स्वामी दिव्यानंद महाराज ने ज्योतिषीय दृष्टि से नये संसद भवन को शुभ माना है। उन्होंने कहा है कि 28 मई रविवार के दिन भारत के नये संसद भवन का उद्घाटन होना ज्योतिषीय दृष्टिकोण से भी अत्यंत शुभ है। निश्चित रूप से भारत और शक्तिशाली रूप में उभर कर सामने आयेगा। उन्होंने बताया कि विक्रम संवत 2080, ज्येष्ठ मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि और पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र में संसद भवन के उद्घाटन का सारा कार्यक्रम संपन्न होना बहुत ही शुभ संकेत दे रहा है। 28 तारीख को हर्षण योग, वज्र योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, रवि योग और यायिजय योग इन पांच योगों का संयोग इस दिन की शुभता बढ़ा रहा है।

**अभिजीत मुहूर्त में उद्घाटन देगा शुभ फल :** स्वामी बताया कि मुख्य कार्यक्रम संसद भवन का उद्घाटन दिन के लगभग 12:00 बजे के आसपास होना सुनिश्चित हुआ है। यह समय अभिजीत मुहूर्त है। मान्यता है कि अभिजीत मुहूर्त में किया गया कोई भी कार्य का फल शुभ ही होता है। यदि पंचांग में कोई कमियां रह भी जाती हैं तो स्वत: यह दोष कट जाता है। साथ ही इस समय सिंह लग्न और सिंह राशि चल रही है। सिंह राशि को स्थिर लग्न, सबसे मजबूत और शुभ मुहूर्त माना जाता है। स्थिर लग्न में किया गया अनुष्ठान चिरकाल पर्यंत स्थिरता प्रदान करता है। स्वामी दिव्यानंद महाराज के अनुसार ने पुराना संसद भवन गोल आकृति का बना हुआ है, जबकि नया भवन त्रिकोण आकृति का है। ज्योतिष्य दृष्टिकोण से त्रिकोण आकार मंगल का द्योतक है, मंगल ग्रह मंडलों में सेनापति माने गये है। यहां पर सेनापति का अर्थ शौर्य और पराक्रम से है। संसद भवन पूरे राष्ट्र का केंद्र होता है। राष्ट्र का केंद्र बिंदु यानी हमारा संसद भवन यदि शौर्य और पराक्रम से लैस होगा, तो निश्चित रूप से राष्ट्र और मजबूत और दूसरों पर भारी पड़ने वाला होगा। इससे साफ जाहिर होता है कि भारत दुनिया में शक्तिशाली देश के रूप में उभर कर आने वाला है।

## मन, वचन और कर्म की पवित्रता से अध्यात्मिकता में बढ़ें: रेव्ह ममता बिलुंग

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** जीईएल चर्च हेडक्वार्टर रांची यूथ विंग रांची यूथ फेलोशिप के तत्वावधान में शनिवार को बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय के सभागार में 27 मई से 04 जून तक आयोजित अवकाशकालीन बाइबल पाठशाला (वीबीएस) का शुभारंभ हुआ। इस अवस पर मुख्य अतिथि जीईएल चर्च रांची की महिला पादरी रेव्ह ममता बिलुंग रही। उनकी अगुवाई मे साक्षी वाणी वाणी गीत गाते हुए सारे बच्चे स्मरण पत्थर से बतौर प्रोसेशन बेथेसदा बालिका उच्च विद्यालय में प्रवेश किया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने कैंडल प्रज्वलित कर पाठशाला का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रेव्ह ममता बिलुंग ने इस साल के



वीबीएस की थीम अध्यात्मिकता पर अपने प्रवचन सुनाया। उन्होंने बच्चों को मन व कर्म की आध्यात्मिकता पर फोकस करने को जोर दिया। कहा कि आप सभी का जीवन ईश्वर का अनमोल वरदान है। इसलिए आप प्रतिदिन प्रभु के सानिध्य में रहें तथा मन, वचन व कर्म की पवित्रता में बढ़ते हुए अपने व्यक्तिगत जीवन, पारिवारिक जीवन, सामाजिक जीवन तथा राज्य व राष्ट्र के प्रति अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें।

## खाते में थे मात्र 13 हजार, ढाई महीने में बन गया पांच लाख का मालिक

### सदर थाना पुलिस ने गिरिडीह में छापेमारी कर साइबर अपराधी प्रदीप उर्फ प्रदीप मंडल को दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सदर थाना पुलिस ने गिरिडीह से एक साइबर अपराधकर्मी प्रदीप उर्फ प्रदीप मंडल को शुक्रवार की रात गिरफ्तार किया है। प्रदीप मंडल ने रांची सदर थाना के कोकर एरिया की रहनेवाली महिला प्रमिला देवी से एसबीआई अधिकारी बनकर और खाता बंद होने की बात कहकर केवीआइसी जमा करने को लेकर 75 हजार रूपए ठग लिया था। घटना 2017 की है। प्रमिला देवी ने सदर थाने में साइबर अपराधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के बाद अनुसंधानकर्ता का स्थानांतरण दूसरे थाने में हो गया। इस कांड की जिम्मेवारी दारोगा संजय कुमार को मिली। संजय कुमार ने जब इस मामले की छानबीन की तो पता चला कि आरोपी जयपुर में रह रहा है।

**वर्ष 2017 में कोकर की महिला प्रमिला देवी से एसबीआई अधिकारी बन ठगे थे 75 हजार**

**जयपुर में छापेमारी करने गई पुलिस तो पता चला कि वह गिरिडीह गया है**

जब पुलिस की टीम जयपुर राजस्थान पहुंची तो पता चला कि प्रदीप उर्फ प्रदीप मूल रूप से गिरिडीह का रहनेवाला है। 28 साल से वह जयपुर में गलत नाम पर रह रहा था। जयपुर से इनपुट मिलने के बाद इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो ने शुक्रवार को टीम के साथ गिरिडीह गई और आरोपी को दबोच कर थाने ले आई।

### ट्रांजेक्शन खंगालने पर पाया कि ढाई महीने में बन गया है लखपति

जब पुलिस ने उसके बैंक के ट्रांजेक्शन को खंगाला तो पाया कि वर्ष 2017 के सितंबर माह में उसके एकाउंट में महज 13 हजार रूपए जमा हैं। लेकिन ढाई महीने के दौरान अलग- अलग दिनों में पांच लाख रूपए जमा हो गए हैं। सदर थाना पुलिस को आरोपी ने बताया कि उक्त राशि फोन के जरिए खुद को एसबीआई अधिकारी बता कर रांची, जमशेदपुर, जयपुर समेत कई स्थानों से उसके खाते से रकम उड़ा कर साइबर अपराध के मास्टर माइंड को देता था। उससे जो कमीशन मिलता था, वही राशि बैंक में जमा था। पुलिस ने उसे अदालत में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

स्पीड न्यूज

## जेएफएस ने लगाया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**चांडिल।** शनिवार को चांडिल के जालान फाइनेंसियल सलूशन के प्रोपराइटर अमन जालान के सौजन्य से रांची के पारस हॉस्पिटल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने कई लोगो का निशुल्क स्वास्थ्य जांच किया। इस दौरान चिकित्सको ने मरीजों को निशुल्क चिकित्सीय सलाह दिया। इस शिविर में करीब पचास लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराया। जेएफएस के अमन जालान ने लोगों को स्वास्थ्य बीमा कराने की फायदे की जानकारी दिया। इस शिविर को सफल बनाने में पारस हॉस्पिटल के प्रशांत कुमार एवं डॉक्टर रोहित का अहम योगदान रहा। इस मौके पर नवीन पसारी, बबलु जालान, बिद्रूत डॉन, पंकज पसारी, गौरव दरिया, सुकुमार चक्रवर्ती, सुबास कुंडू सहित कई लोग उपस्थित थे।

## राकेश तिवारी ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री को याद किया

**जमशेदपुर।** झारखंड कांग्रेस के प्रदेश सचिव जमशेदपुर स्थित अपने कैंप कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री एवं आधुनिक भारत के निमार्ता पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू के कार्यों को ये देश कभी भुला नहीं सकता आजादी के बाद देश में औद्योगिकीकरण का नीव रखने वाले और छोटे बच्चों में देश का भविष्य देखने वाले ऐसे महापुरुष जिनका देश की स्वतंत्रता आंदोलन में भी अहम योगदान था यह देश जब तक रहेगा उन्हें भुला नहीं सकता । उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी को उनके अधूरे कार्यों को पूरा करने का संकल्प लेना चाहिए।

## सृष्टि महिला विकास की सदस्यों ने देखी केरला स्टोरी

**जमशेदपुर।** सृष्टि महिला विकास सहयोग की प्रदेश अध्यक्ष रानी गुप्ता के साथ संस्था की महिलाओं ने आज केरला स्टोरी फिल्म देखा। फिल्म देखने के बाद इन महिलाओं की आखें नम हो गई । रानी गुप्ता ने कहा कि यह फिल्म लड़कियों के लिए एक सबक है और आज के सब बच्चो को केरला मूवीं देखनीं चाहिए जो लड़किया गुमराह हो जाती है किसी के बातो पर अपना धर्म छोड़ दूसरी धर्म मे परिवर्तन हो जाती है,उनकी दुर्गति किसी तरह होती है, इसमें साफ दिखाया गया है। फिल्म देखने गई महिलाओं की टीम में रानी गुप्ता के अलावा नीतू सिंह , सीमा कुमारी, अमृता सिंह , रखी आदि शामिल थीं।

## निखिल भारत बंग की वार्षिक संगीत प्रितियोगिता में विजेता हुए पुरस्कृत

**जमशेदपुर।** आज बिस्टुपुर स्थित मिलानी के परिसर में निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन जमशेदपुर की वार्षिक संगीत प्रितियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तीस अप्रैल को इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। चार श्रेणियों में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे प्रतियोगियों ने रबिन्द्र संगीत ,नजरुल गीत ,आधुनिक गीत एवं अतुल प्रसाद ,रजनीकांत और विजेंद्र गीति। नुन्यतम छह वर्ष से पच्चास वर्ष से प्रतियोगिओं से इस प्रतियोगिता में भाग लिया और एक से बढ़कर एक बांग्ला गीतों को बखूबी गया, इसमें बंगाली समुदाय के प्रतियोगी तो थे ही साथ ही गाइअर बंगाली समुदाय जैसे ओड़िया ,बिहारी और अन्य समुदाय के प्रतियोगी भी थे।

# पंडित जवाहरलाल नेहरू को पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, कांग्रेस भवन मनायी गयी। मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी ओबीसी विभाग के चेयरमैन कैप्टन अजय सिंह यादव ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू न सिर्फ भारत के प्रधानमंत्री थे, बल्कि वे आधुनिक भारत के निमार्ता थे। आजादी के बाद उन्होंने देश का निर्माण किया। देश में ओद्यौगिकरण, कृषि क्रांति के माध्यम से एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण के लिए आधारशिला रखी। उन्होंने ऐसे वक्त पर हिन्दुस्तान का नेतृत्व किया जब देश टूट चुका था। सामाजिक ताना-बाना बिखर चुका था। आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को एकजुटता में बांधते हुए विकास का मार्ग प्रशस्त्र किया।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू कांग्रेस के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का काम किया। पंडित नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। वे लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी थे, उनके प्रगतिशील विचारों ने कई चुनौतियों के बावजूद भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक विकास को दृढ़ता से आगे बढ़ाया। इस वक्त में हम उनके पदचिन्हों पर चलकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धाजंलि अर्पित कर सकते हैं।

श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, डॉ एम तौसीफ, ईश्वर आनंद, चन्द्र शेखर शुक्ला, डॉ कुमार राजा, डॉ राकेश किरण महतो, अभिलाष साहु, नेली नाथन, गजेन्द्र सिंह, सुरेन राम, कमल ठाकुर, निरंजन पासवान, जगदीश साहु, अमरेन्द्र सिंह, छोटू सिंह, शहीद अहमद, भानू प्रताप बड़ाईक, अख्तर अली, राजेश चन्द्र राजू, अजय सिंह, नीलम सहाय, संगीता टोप्पो, सोनू इमरान, निशिकांत, सुबोध गुप्ता, मनोज यादव, दुर्गा चरण महतो, राजकुमार महतो, प्रेम नाथ मुंडा, रीतलाल मंडल, डॉ प्रकाश कुमार, रामानंद केशरी सहित अन्य शामिल थे।



# झारखंड पुलिस एसो. का चुनाव 16 जून को, प्रचार में जुटे प्रत्याशी

### एक गुट ने की चुनाव की तारीख बदलने की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड पुलिस के जूनियर अफसरों की प्रतिनिधि संस्था झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 16 जून को होगा। चुनाव में वर्तमान अध्यक्ष योगेंद्र सिंह फिर से मैदान में हैं। योगेंद्र सिंह अगर चुनाव इस बार भी जीत जाते हैं तो वह तीसरी बार झारखंड पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बनेंगे। चुनाव के लिए 14 सदस्यी चुनाव समिति बनायी गई है। सात केंद्रीय पदाधिकारियों के लिए होने वाले मतदान में 1178 डेलीगेट और जिला पदाधिकारी शामिल होंगे। योगेंद्र सिंह पिछले दो बार से अध्यक्ष पद के चुनाव में विजेता रहे हैं। एसोसिएशन में उनका गुट पिछले 2 सालों से अधिकांश सीटें जीतते आ रहा है, इस बार भी उनका पलड़ा बेहद भारी है। वहीं एक तरफ जहां झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव 16 जून को होना तय हो गया है, लेकिन दूसरी तरफ दूसरे गुट के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने डीजीपी समेत अन्य वरीय अधिकारियों को पत्र लिखकर चुनाव की तारीख बदलवाने की मांग की है। कमलेश ने लिखा है कि एएसआई से दारोगा में प्रमोशन पा चुके पुलिसकर्मियों का प्रमोशन 15 जून तक होना है। प्रशिक्षण के दौरान ही वर्तमान अध्यक्ष ने चुनाव की तिथि रख दी, जिससे एक बड़ा तबका चुनाव कार्यक्रम से बाहर हो जाएगा। अध्यक्ष प्रत्याशी ने लिखा है कि वह खुद प्रशिक्षण में होने के कारण चुनाव का प्रचार नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में चुनाव की तिथि को आगे बढ़ाया जाए।

### कौन कौन चुनावी रण में

योगेंद्र सिंह, कमलेश सिंह, राहुल कुमार मुर्मू (अध्यक्ष)
संतोष कुमार महतो, राजीव रंजन गुप्ता, अखिलेश्वर पांडेय, मो. माहताब आलम और ब्रहमदेव प्रसाद (उपाध्यक्ष)
बालेश्वर प्रसाद यादव और अरविंद प्रसाद यादव (महासचिव)
रोहित कुमार रजक, संजीव कुमार, अशोक कुमार तिवारी और श्रीकांत (संयुक्त सचिव)
प्रद्युमन सिंह, निर्मल कुमार यादव और अंजनी कुमार( संगठन सचिव)

## सरकारी व निजी विद्यालयों के लिए अलग-अलग मापदंड क्यों : पासवा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन (पासवा) ने शिक्षा सचिव के रवि कुमार द्वारा 24 मई को गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के लिए जारी आदेश की निंदा की है। पासवा के अध्यक्ष आलोक दुबे ने कहा कि झारखंड में सरकारी व निजी विद्यालयों के लिए अलग-अलग मापदंड क्यों है? उन्होंने मुख्यमंत्री से इस पर निर्णय लेने का अनुरोध करते हुए कहा कि शिक्षा विभाग के 24 मई के आदेश को तत्काल रोका जाए, वरना राज्य के लाखों गैर मान्यता प्राप्त स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य अधर में लटक जाएगा।

**सबके लिए समान नियम होना चाहिए :** मालूम हो कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने 24 मई को एक आदेश जारी किया था। जारी आदेश में कहा था कि झारखंड में चल रहे गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2005 के नियमों को पालन करना अनिवार्य होगा। इस आदेश का विरोध करते हुए पासवा अध्यक्ष ने कहा कि जिन नियमों की बात सचिव के आदेश में है, वह नियम सरकारी स्कूलों पर भी लगना चाहिए। सरकारी और निजी विद्यालयों के लिए अलग अलग नियम क्यों? सबके लिए समान नियम होना चाहिए।

### कोल परियोजना में लेवी मांगने व लिफ्टर पर गोलीबारी का मामला

# टीपीसी एरिया कमांडर समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार, दो पिस्टल बरामद

### एक देसी कट्टा, 18 राउंड जिंदा कारतूस बरामद



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा (टंडवा)।** उग्रवादी संगठन तृतीय प्रस्तुति कमिटी (टीपीसी) के एरिया कमांडर दिलचंद गंझू उर्फ अभय जी उर्फ छोटन तुरी समेत तीन उग्रवादियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने दो विदेशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, 18 जिंदा कारतूस, एक मैगजीन, पांच मोबाइल, दो वाई-फाई, दो डायरी और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर गठित एसआईटी की टीम ने यह कार्रवाई की है। अभय जी उर्फ छोटन के अलावा गिरफ्तार उग्रवादियों में राकेश कुमार सिंह और मो ताकिर आलम शामिल हैं। एसपी राकेश रंजन ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि बीते छह मई को जिले के पिपरवार थाना क्षेत्र के पुरनाडीह कोल परियोजना स्थित कांटा घर संख्या- 01 के समीप टीपीसी उग्रवादियों द्वारा लेवी की वसूली करने और कोल व्यवसायियों में भय व्याप्त करने के उद्देश्य से मैथन पॉवर लिमिटेड के लिफ्टर बिनोद कुमार गिरि को गोली मार कर जख्मी कर दिया गया। इस मामले टंडवा एसडीपीओ शंभू कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। टीम के द्वारा अनुसंधान और टेक्निकल सेल की मदद से छापामारी की गयी। घटना में शामिल टीपीसी के एरिया कमांडर अभय जी उर्फ छोटन तुरी सहित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया।

## कुणाल षाड़ंगी ने की सड़क पर रह रहे असहाय की मदद

**जमशेदपुर।** पिछले कई महीनों से सोनारी एयरपोर्ट के समीप बस स्टॉप पर असहाय रूप से रह रहे एक महिला एवं बच्चे को भाजपा झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी की पहल पर एसडीओ धालभूम ने आश्रय गृह की व्यवस्था की। शनिवार को सोनारी जाने के क्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी की नजर एक महिला एवं एक बच्चे के ऊपर गई जहां वे अपने सामानों के साथ एयरपोर्ट के समीप बस स्टॉप पर रह रहे थे। कुणाल षाड़ंगी ने बिना देर किए उनकी समस्याएं जानी और भाजयुमो सोनारी मंडल अध्यक्ष राहुल तिवारी के संग उनके राहत हेतु खाद्य सामग्री एवं सूखा राशन भेंट किया।

बातचीत के क्रम में पता चला कि वे लोग बमार्माइंस में अपने मामा के घर पर रह रहे थे। किसी कारणवश मामा ने उन्हें घर से निकाल दिया है। खुद का घर नहीं होने के कारण वे बेसहारा हैं और एयरपोर्ट के सामने बस स्टॉप पर दिन गुजार रहे हैं।

### एक नजर में

## सरदार शैलेंद्र सिंह के खिलाफ सीजीपीसी से शिकायत

**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा गुरुद्वारा चुनाव अब विवाद का कारण बनता जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में सिखों के प्रमुख नेता व चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह पर एक प्रत्याशी को धमकाने का आरोप लगाते हुए सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह के पास लिखित शिकायत की गई है। सीता राम डेरा गुरुद्वारा की संगत को चुनाव प्रत्याशी सरदार हरजिंदर सिंह द्वारा जानकारी दी गई कि 25 मई की रात 9:46 बजे में सरदार शेतेंद्र सिंह ने हरजिंदर सिंह को फोन किया । मोबाईल नंबर : 7004713071 से) और सरदार हरजिंदर सिंह को सीता राम डेरा प्रधान पद से अपना नाम वापिस लेने के लिए तरह तरह से और अलग अलग ढंग से धमकाते रहे, कभी तो कहता था कि बुरी तरह से हार जाओगे, कभी कहते थे कि हारने के बाद बहुत बेइजती होगी, कभी कह रहे थे कि कहीं के मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगे, कभी कह रहे थे जो पारिवारिक और सामाजिक प्रतिष्ठा खत्म हो जाएगी। शिकायत पत्र में कहा गया है कि प्रधान साहिब,अब जब की सीता राम डेरा गुरुद्वारा के प्रधान पद की प्रक्रिया शुरू है तो शैलेंद्र सिंह सी.जी.पी.सी. का चेयरमैन होते हुए, सरदार हरजिंदर सिंह को धमका कर अपने स्वार्थ के लिए साजिश के तहत सी.जी.पी.सी. को बदनाम करने की नियत से षडयंत्र रच रहे हैं जी, जो कि बहुत शर्मनाक बात है। सरदार शैलेंद्र सिंह द्वारा सरदार हरजिंदर सिंह को दी गई धमकी के कारण सीता राम डेरा की संगत में भारी आक्रोश है।

## मुस्लिम समुदाय की नयी पहल से शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर लगेगी रोक

**सतबरवा।** सतबरवा के मुस्लिम समुदाय ने शादी विवाह में होने वाली फिजूलखर्ची पर रोक लगाने की सार्थक पहल की है। शनिवार को करमा के मदरसा में आयोजित मुस्लिम समुदाय की बैठक में प्रखंड क्षेत्र के मौलाना, मुफ्ती, सदर तथा सैकड़ों लोग शामिल हुए। जिसकी अध्यक्षता करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता अबुल हसन उर्फ जुम्मन मियां ने कहा कि शादी विवाह में डीजे, बम -पटाखा तथा नाच गाना पर होनेवाली फिजूलखर्ची नहीं की जायेगी। संचालन सदर गुलाम मोहिउदीन अंसारी ने करते हुए कहा कि यह एक सार्थक पहल है। इसमें अपने समुदाय के लोगों को दूसरे समुदाय के लोगों से सीख लेने की जरूरत है। मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही ने कहा कि शादी विवाह में फिजूलखर्ची पर रोक लगाने से समाज का उत्थान होगा। मौलाना कारी कुतुबुद्दीन ने कहा की डीजे तथा बम पटाखा और नाच गाना समाज में कुरीतियों को बढ़ावा देता है। मौलाना सरफराज रहबर ने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप है।

इस पर लगाम लगाने की जरूरत है। वहीं मौलाना सईद, मौलाना सगीर, मौलाना इफ्तेखार, मौलाना मोहिदूल कादरी, सदर रब्बानी मियां, मो जाहिद, मौलाना अफरोज, शौकत अली, मकसूद आलम, मोहम्मद नौशाद, डॉक्टर जहीदुल्लाह, फिदा हुसैन, शौकत अंसारी, मुमताज अंसारी, शाहनवाज खान, मज्जू मियां, रमजान अंसारी, अजमेर अंसारी, सिब्तेन रजा, शमशाद अंसारी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किया।इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक गांवों से मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

## युवक की चाकू मारकर हत्या

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुमारधुबी।** निरसा अनुमंडल क्षेत्र के कुमारधुबी ओपी अंतर्गत शिवलबाड़ी अली मोहल्ला में चन्गलु नामक युवक ने राजू अंसारी नामक को चाकू से हमला कर दिया। स्थानीय लोगो ने आनन फानन में युवक को अस्पताल ले गया। घायल युवक ने रास्ते मे ही दम तोड़ दिया। सूचना पर निरसा एसडीपीओ पीतांबर सिंह खेरवार साथ कई थाने के पुलिस मौके पर पहुंची और मामले के तफ्तीश में जुट गई। पुलिस ने मृतक राजू के परिवार वालों से पूछताछ किया। हालांकि घटना के बाद से आरोपी चन्गलु फरार है। क्षेत्र पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। घटना के कारण बताया जा रहा है कि हत्यारा चन्गलु राजू अंसारी के घर में खिड़की से ताक झांक करता था जिसका विरोध राजू ने किया तो शनिवार को चंगलु ने चाकू से हमला कर दिया। बताते चले कि चंगलु पूर्व में कई अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे चुका हैं। हाल ही में चंगलु आर्म्स एक्ट मामले में जेल से बाहर आया था। घटना के बाद से पूरा माहौल गमगीन हो गया है।

## पति नदी में डूबकर मर गया, पत्नी मृत्यु प्रमाण पत्र को 10 माह से लगा रही चक्कर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर ।** बागुनहातू की रहने वाली एक महिला मौमिता राय अपने पति की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए काफी ह्रास व परेशान है , 10 माह बीत जाने के बाद भी अब तक जेएनएसी द्वारा उनके पति की मृत्यु प्रमाण पत्र बनाकर नही दिया गया है । पीड़ित महिला ने डालसा पीएलवी नागेन्द्र कुमार को एमजीएम लीगल एड क्लीनिक में बताया कि उनके पति की मृत्यु विगत 18 अगस्त 2022 को ही नदी में डूब जाने से हो गई थी , लेकिन नदी से मृतक का शव बरामद नही होने से जेएनएसी उक्त प्रमाण पत्र नही बना रहा है । पीड़िता ने डालसा से गुहार लगाते हुए शीघ्र पति की मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए निवेदन किया है । मृत्यु प्रमाण पत्र नही होने से पीड़ित महिला आपदा राहत मुआवजा सहित अन्य योजनाओं के लाभ से भी बंचित है ।

पीड़िता ने यह भी बताया कि उनके पति जिस दिन नदी में डूबे थे, उस दिन से पुलिस गोताखोर व एनडीआरएफ की 19 सदस्यीय टीम भी तीन दिनों तक लगातार उनके पति के शव का नदी में काफी खोजबीन किया , परंतु वे सभी असफल रहे , क्योंकि नदी में पानी का प्रवाह भी काफी तेज था । पीड़ित महिला की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है । वह अपने परिवार पालने में भी असमर्थ है । इसलिए उन्होंने डालसा से न्याय पाने की। गुहार लगाई है ।

# एसएनपी एरिया में जेएनएसी ने बेसमेंट के व्यवसायिक इस्तेमाल के खिलाफ चलाया अभियान

### याचिकाकर्ता राकेश झा के अधिवक्ता ने जेएनएसी की नीयत पर ही उठा दिया सवाल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति ने आज से साकची के एसएनपी एरिया में उन भवनों के खिलाफ तोड-फोड़ की कारवाई शुरु की जिन्होंने बेसमेंट में दुकाने लगा ली हैं अथवा उसका व्यवसायिक इस्तेमाल कर रहे हैं। दूसरी ओर,आज जमशेदपुर में अक्षेस द्वारा कुछ भवनों के बेसमेंट में की गयी तोड़फोड़ की कारवाई पर पिटीशनर राकेश झा के अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि अक्षेस की यह कारवाई कानून और माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ तो हैं ही बल्कि यह पक्षपातपूर्ण और शरारतपूर्ण कारवाई भी है और इस वजह से अक्षेस के विशेष पदाधिकारी के खिलाफ सरकार को तुरंत एफआईआर दायर कर उसे तत्काल प्रभाव से निलंबित करना चाहिए। अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा कि विशेष पदाधिकारी की कार्रवाई हैरान करने वाला है। अक्षेस को यह आदेश दिया गया है कि नक्सा विचलन कर जो भवन अवैध रूप से बने हैं उन्हें तोड़ा जाय। जमशेदपुर में 578 अवैध भवनों को सिर्फ जी+2 का निर्माण करने की अनुमति दी गयी है पर सारे बिल्डरों ने अक्षेस और उपायुक्तों के साथ सांठगांठ कर जी +6 और जी+7 तक निर्माण किया है। इसके अलावे सारे बिल्डरों ने पार्किंग की जगह को व्यवसायिक उपयोग के लिए गैरकानूनी तरीके से बेच दिया। अक्षेस ने 578 अवैध भवनों में सिर्फ 18 को अक्युपेंसी सर्टिफिकेट दिया है। म्युनिसिपल एक्ट, 2011 की धारा 440 के अनुसार उन अवैध भवनों में बिजली पानी का कनेक्शन नहीं दिया जाना था पर जुस्को ने अपने व्यवसायिक हित के लिए इन अवैध भवनों को बिजली पानी का अवैध कनेक्शन दिया और सारे भवन बिल्डरों ने अवैध तरीके से बेच दिये। उन्होंने कहा कि अक्षेस को अगर सिर्फ पार्किंग की जगह पर व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए बने अवैध निर्माण को ही तोड़ना था तो भी उसे यह कारवाई भवन नंबर 1 से शुरू करनी थी पर उसने भवन संख्या 109 से दिखावे की कारवाई शुरू की। भवन संख्या 109 के बगल में दयाल इंटनेशनल है जिसका नक्सा जी+2 का है जबकि इमारत बनी है जी+6। बेसमेंट में रेस्तराँ और पार्किंग एरिया में रिशेप्शन है और बार चलता है। इससे भी अधिक पूरा फुटपाथ व गली घेरने वाले निर्माण कर्ता पर अक्षेस की नजर नहीं पड़ी। अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव ने सवाल किया कि बिल्डर अनुप चटर्जी जो आदतन अवैघ निर्माणकर्ता है जिसकी सबसे ज्यादा भवनों को नोटिस दिया गया है उसकी एक भवन की होल्डिंग्स संख्या -1 होने के बावजूद उससे कारवाई की शुरूआत न कर सीधे भवन संख्या 109 पर क्यों गयी अक्षेस की टीम और माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार कौन सी कारवाई की? उन्होंने कहा कि कानूनन आर्किटेक्ट की ज़िम्मेदारी थी अपने पारित नक़्शों पर अवैघ निर्माण को रोकने की, प्राथमिकी दर्ज करने की और रजिस्ट्रेशन रद्द करने की पर अक्षेस ने बिल्डरों की मिलीभगत से ऐसा कुछ नहीं किया। अधिसूचित क्षेत्र समिति के अभियंता व विशेष पदाधिकारी जिन पर माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करने की जिम्मेदारी थी ११ वर्षों से जिसे इन पदाधिकारियों ने कोई तवज्जो नहीं दी उन पर सरकार को विभागीय जांच करा कर हटाना चाहिए था और भ्रष्टाचार नियंत्रक कानून के तहत एफआईआर दर्ज करना चाहिए था जो सरकार ने नहीं किया।




बेसमेंट के व्यवसायिक इस्तेमाल के खिलाफ कार्रवाई करता जेएनएसी का बुल्डोजर।

